दिनांकः 14.01.2025 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में ''मिशन मौसम'' की शुरुआत करेंगे–इसका लक्ष्य देश को हर मौसम में जलवायु का सामना करने के लिए स्मार्ट राष्ट्र बनाना है।
- प्रदेश में आज से पशु कल्याण पखवाड़े की शुरूआत–पशुओं में रोगों और उपचार के संबंध में विभिन्न जागरुकता गतिविधियां आयोजित होंगी।
- सूर्य के उत्तरायण होने का पर्व मकर संक्रांति आज पारम्परिक श्रद्धा भाव के साथ मनाया जा रहा है।
- राज्यभर में कड़ाके की सर्दी के साथ कोहरे ने बढ़ाई दिक्कतें–कई इलाकों में न्यूनतम दृश्यता।

....................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के 150वें स्थापना दिवस के अवसर पर मिशन मौसम का शुभारंभ करेंगे। इसका लक्ष्य देश को प्रत्येक मौसम और जलवायु का सामना करने के लिए स्मार्ट राष्ट्र बनाना है। मिशन मौसम के जरिए आधुनिक मौसम निगरानी तकनीक और प्रणाली विकसित कर, रडार और उपग्रहों के माध्यम से बेहतर पूर्वानुमान किया जा सकेगा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मौसम और जलवायु परिवर्तन अनुकूलन के लिए विभाग के **विज़न–2047** को भी जारी करेंगे।

....................

प्रदेश में सोयाबीन की खरीद चार फरवरी तक के लिए बढ़ा दी गई है। ये निर्णय राज्य सरकार की मांग के बाद कृषि मंत्रालय द्वारा लिया गया है। केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य पर अब तक साढे तेरह लाख क्विंटल से अधिक सोयाबीन की खरीद की है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि राज्यों से किसानों को सस्ती दरों पर गुणवत्तापूर्ण कीटनाशक उपलब्ध कराने का आग्रह किया गया है।

....................

प्रदेश में आज से पशु कल्याण पखवाड़ा मनाया जाएगा। पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने बताया कि 30 जनवरी तक चलने वाले इस पखवाड़े के दौरान विभिन्न गतिविधियां होंगी। इस दौरान बांझपन निवारण और शल्य चिकित्सा शिविरों का आयोजन कर ज्यादा से ज्यादा संख्या में पशुओं को लाभान्वित किया जायेगा। पखवाड़े के तहत संगोष्ठियां और वार्ताएं आयोजित कर पशुओं में होने वाले विभिन्न रोगों की जानकारी दी जाएगी। पशु क्रूरता निवारण के उपायों, उचित पशु प्रबन्धन के बारे में भी पशुपालकों को बताया जाएगा। इस दौरान विभिन्न शिक्षण संस्थाओं में जीव जन्तुओं के प्रति दया और प्रेमभाव जागृत करने के लिए काम होंगे। पशु कल्याण विषय पर विभिन्न प्रतियोगिताएं भी रखी जाएंगी।

....................

राज्य सरकार ने पचपदरा रिफाइनरी के पास राजस्थान पेट्रोजोन की स्थापना के लिए भूमि आवंटन को मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इस संबंध में स्वीकृति जारी करते हुए कहा कि औद्योगिक विकास को गति प्रदान करने, ऊर्जा और पेयजल की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने और युवाओं को रोजगार के अवसरों में बढोतरी के लिए ये निर्णय लिया गया है।
पेट्रोजोन की स्थापना करने के लिए इस साल के बजट में घोषणा की गई थी। इसके लिए बालोतरा के सिंधियों की ढाणी में साढे 74 हैक्टेयर और खेमा बाबा नगर में 102 हैक्टेयर भूमि का आवंटन किया गया है।

मुख्यमंत्री ने बजट घोषणा के तहत भीलवाडा जिले की जहाजपुर में नवीन औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना के लिए रीको को 31 हैक्टेयर भूमि आवंटित करने की स्वीकृति भी दी है। इसके अलावा जैसलमेर जिले के नाचना में दो हजार मेगावाट सोलर प्रोजेक्ट की स्थापना के लिए राजस्थान सोलर पार्क डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड को 4 हजार हेक्टेयर भूमि के आवंटन को मंजूरी दी गई है।
एक अन्य मामले में चम्बल नदी आधारित वृहद पेयजल परियोजना में वॉटर रिजर्वेयर बनाने के लिए करौली के मण्डरायल में 221 हैक्टयर भूमि के आवंटन को भी सरकार ने स्वीकृति दे दी है।

....................

सूर्य के उत्तरायण होने का पर्व मकर संक्रांति आज देश–प्रदेश में पारम्परिक श्रद्धा भाव के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर तड़के से ही श्रद्धालु पवित्र सरोवरों और जलाशयों में स्नान कर दान पुण्य कर रहे हैं। अजमेर के पुष्कर, बीकानेर के कोलायत, जयपुर के गलता और डूंगरपुर के बेणेश्वर धाम पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगा रहे हैं। जगह–जगह पशुओं को चारा खिलाने और असहाय तथा निर्धन लोगों की मदद के लिए भी आमजन दान पुण्य करते देखे जा रहे हैं। मलमास के समाप्त होने पर आज से मांगलिक कार्यों की भी विधिवत शुरूआत हो रही है। मंदिरों में भगवान को तिल के बने व्यंजनों का भोग लगाकर मान मनुहार की जा रही है। बृज क्षेत्र भरतपुर में मकर संक्रांति पर ठाकुर जी को भोग लगाने को लेकर लोगों में उत्साह बना हुआ है।

....................

इधर, मकर संक्रांति पर जयपुर सहित प्रदेश के कई जिलों में पारम्परिक रूप से पतंग उड़ाने को लेकर बच्चों और युवाओं के साथ बडों में भी उत्साह देखा जा रहा है। कल देर रात तक बाजारों में रौनक बनी रही। तिल, फीणी गजक के साथ रंग बिरंगी पतंगों और चरखियों की जमकर खरीदारी हुई। हमारे जयपुर संवाददाता ने बताया कि कोहरे और तेज ठंड के बीच आज दिन उगने के साथ ही फिल्मी गानों की धुनों पर लोग छतों पर चढे हुए हैं और पतंगबाजी का आनंद ले रहे हैं।

....................

पर्यटन विभाग की ओर से जयपुर में जलमहल की पाल पर आज **पतंग उत्सव** का आयोजन किया जा रहा है। पर्यटन विभाग के उपनिदेशक उपेन्द्र सिंह ने बताया कि फेस्टिवल के दौरान पतंगों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। इस अवसर पर पतंग बनाने की विधा का प्रदर्शन भी किया जाएगा। कार्यक्रम में लोक कलाकार सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ देंगे।
इस बीच, राजधानी जयपुर में पतंगबाजी से घायल पक्षियों के उपचार के लिए सभी पशु चिकित्सा पॉलीक्लिनिक आज दिनभर खुले रहेंगे। पशुपालन विभाग के शासन सचिव डॉ समित शर्मा ने बताया कि इन चिकित्सालयों में बीस जनवरी तक सुबह आठ से रात आठ बजे तक कर्मचारियों को उपस्थित रहने के निर्देश दिये गये हैं। इसके अलावा घायल पक्षियों का मौके पर पहुंचकर इलाज करने के लिए मोबाइल यूनिट भी गठित की गई है।
राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने लोगों से पतंगबाजी के दौरान चाइनीज और सिंथेटिक मांझे का उपयोग नहीं करने की अपील की है।

....................

प्रदेश में कड़ाके की सर्दी का दौर जारी है। राज्य में आज से रात के तापमान में दो से तीन डिग्री की गिरावट होने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार इस दौरान बीकानेर, जयपुर, भरतपुर अजमेर और कोटा सांभाग के कुछ भागों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। कहीं–कहीं ओले भी गिर सकते हैं।

इस बीच, राज्य के विभिन्न हिस्सों में आज सुबह घना कोहरा छाया रहा। राजधानी जयपुर सहित कई जिलों में सुबह के समय दृश्यता न्यूनतम बनी रही। इससे वाहन चालकों को दिक्कतों का सामना करना पडा। सरहदी जिले जैसलमेर में कोहरे के कारण दिन में भी लोगों को वाहनों की लाइट जलाकर यात्रा करनी पड़ी। चूरू में कोहरे के कारण सड़क यातायात के साथ ही रेल यातायात भी प्रभावित हुआ है। बाड़मेर से हमारे संवाददाता ने खबर दी है कि घने कोहरे और तेज सर्दी के कारण जिले में आज लगातार दूसरे दिन सभी सरकारी और निजी विद्यालयों में अवकाश रखा गया है।

....................